# UNIVERSITY NEWS 16 APRIL 2026

## HINDUSTAN

### छात्रों को साढ़े छह लाख का पैकेज

**लखनऊ।** एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के वर्ष 2026 बैच के छह विद्यार्थियों का चयन प्लेनेट स्पार्क कंपनी में हुआ है। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयनित छात्रों को बिजनेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर 6.50 लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्राप्त हुआ है। जिसमें बीटेक सीएसई के मोहम्मद साकिब, अक्षत द्विवेदी, श्वेता तिवारी व हिमांशु पाण्डेय और बीटेक ईसीई के रत्नेश त्रिपाठी व एमसीए के हिमांशु कुमार शामिल हैं।

### विधायिका में आने से होंगे अच्छे बदलाव

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के समर्थन और क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा और मुख्य छात्रावास अभिरक्षक प्रो. आशीष अवस्थी ने किया। इस दौरान उप्र. राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के डॉ. संजय शुक्ला, लेखाधिकारी अंतरा बनर्जी समेत शिक्षक, छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों को अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही सभी ने हस्ताक्षर अभियान कर इस पहल का समर्थन किया और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### सस्ती और प्रदूषण मुक्त बिजली मिलेगी

**लखनऊ।** एलयू में भौतिकी विभाग के शोधकर्ताओं ने क्वांटम प्लाज्मा के जटिल व्यवहार को समझने में सफलता हासिल की है। जिससे अब फ्यूजन ऊर्जा के क्षेत्र में भविष्य में सस्ती और प्रदूषण मुक्त बिजली उत्पादन का रास्ता खुलने की उम्मीद है। चिकित्सा क्षेत्र में लेजर-प्लाज्मा तकनीक के जरिए कैंसर उपचार को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे मेटामटेरियल्स को बनाने में भी मदद मिलेगी इससे स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उपकरण अधिक तेज, छोटे और ऊर्जा-कुशल बन सकेंगे। साथ ही यह शोध न्यूट्रॉन सितारों जैसे जटिल खगोलीय पिंडों को समझने में भी सहायक होगा। यह शोध प्रो. पुनीत कुमार के मार्गदर्शन में शोधार्थी प्रभात सिंह ने किया है। जिसे अंतरराष्ट्रीय जर्नल न्यूक्लियर फिजिक्स बी ने प्रकाशित किया है।

## I NEXT

### वायु शुद्धिकरण की डिजाइन को पेटेंट

लखनऊ यूनिवर्सिटी के संस्कृत विभाग के शिक्षकों ने वैदिक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को आधार बनाकर एक अभिनव यंत्र का डिजाइन प्रस्तुत किया है. विभागाध्यक्ष डा. अभिमन्यु सिंह, एसोसिएट प्रोफेफर डा. अशोक कुमार शतपथी तथा उनके सहयोगी समूह के मार्गदर्शन और योगदान से तैयार यह डिजाइन नवीकरणीय ऊर्जा-आधारित बहुआयामी फिल्टर उपकरण के रूप में भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से स्वीकृत एवं रजिस्टर्ड हुआ है. डा. अशोक ने बताया कि इस यंत्र का उद्देश्य वायु प्रदूषण नियंत्रण और जलवायु परिवर्तन प्रबंधन है. विशेष रूप से शैक्षिक परिवेशों को ध्यान में रखते हुए इसका डिजाइन तैयार किया गया है.

## DAINIK JAGRAN

### लखनऊ विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थियों का चयन

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के वर्ष 2026 बैच के छह विद्यार्थियों का चयन प्लैनेटस्पार्क कंपनी में हुआ है।

प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया में आनलाइन असेसमेंट, कम्युनिकेशन स्किल मूल्यांकन एवं इंटरव्यू जैसे विभिन्न चरण शामिल थे, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित विद्यार्थियों को बिज़नेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर 6.50 लाख रुपये वार्षिक पैकेज (सीटीसी) प्राप्त हुआ है। इसमें बी.टेक (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) के मोहम्मद साकिब, अक्षत द्विवेदी, श्वेता तिवारी एवं हिमांशु पाण्डेय, बी.टेक (इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) के रत्नेश त्रिपाठी तथा एमसीए के हिमांशु कुमार शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी एवं द्वितीय परिसर, प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. एसपी सिंह ने सभी चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वि

### लवि ने दिया इंटर्नशिप का अवसर, भत्ता भी मिलेगा

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के लिए बीएफएसआइ (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र में इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराते हुए इंस्पोर कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इंटर्नशिप के लिए बीबीए, बी.काम, एमबीए और पीजीडीएम पाठ्यक्रम के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में चार प्रमुख क्षेत्रों ह्यूमन रिसोर्स, फाइनेंस एवं टैक्सेशन, फाइनेंशियल सेक्टर तथा पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एवं सेल्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके माध्यम से अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया, आयकर संरचना, वित्तीय क्षेत्र की कार्यप्रणाली, बाजार विश्लेषण तथा सेल्स रणनीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा।

यह इंटर्नशिप 45 से 60 दिनों की अवधि की होगी, जिसमें ओरिएंटेशन, मेंटरशिप, डोमेन-आधारित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास जैसे चरण शामिल होंगे। इंटर्नशिप के दौरान प्रतिभागियों को प्रदर्शन के आधार पर 20,000 तक स्टाइपेंड भी दिय जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रमाणपत्र, लेटर आफ रिकमेंडेशन, लेटर आफ एप्रिसिएशन (LOA) तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को प्री-प्लेसमेंट आफर भी मिलेगा।

## AMRIT VICHAR

### लविवि वैज्ञानिकों ने विकसित की क्वांटम प्लाज्मा पर नई थ्योरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्लाज्मा के भीतर जटिल क्रियाओं को प्रकृति स्वयं नियंत्रित करती है

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभाग के शोधकर्ताओं ने 'क्वांटम प्लाज्मा' के जटिल व्यवहार को समझने के लिए नई थ्योरी विकसित की है। यह शोध प्रतिष्ठित जर्नल न्यूक्लियर फिजिक्स बी में प्रकाशित हुआ है। प्रो. पुनीत कुमार के निर्देशन में शोधार्थी प्रभात सिंह ने 'प्लाज्मा थ्योरी एंड सिमुलेशन ग्रुप' में यह कार्य पूरा किया। शोध में 'पोडोल्स्की-मॉडिफाइड क्यूईडी' मॉडल के जरिए बताया गया है कि अत्यधिक ऊर्जा और घनत्व की स्थिति में प्लाज्मा के भीतर होने वाली जटिल क्रियाओं को प्रकृति स्वयं नियंत्रित करती है।

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने 'सॉलिटन्स' नामक विशेष ऊर्जा तरंगों की पहचान की, जो बिखरने के बजाय स्थिर पैकेट के रूप में आगे बढ़ती हैं। यह खोज प्लाज्मा के भीतर अव्यवस्था में व्यवस्था को दर्शाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह शोध भविष्य में फ्यूजन ऊर्जा को नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है, जिससे सस्ती और प्रदूषण मुक्त बिजली उत्पादन का रास्ता आसान होगा। लेजर-प्लाज्मा तकनीक के जरिए कैंसर उपचार को और सटीक बनाया जा सकेगा, वहीं मेटामटेरियल्स के विकास से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण छोटे, तेज और कम ऊर्जा खपत वाले बनेंगे।

**ब्रह्मांड को समझने में भी मदद**

यह शोध न्यूट्रॉन सितारों जैसे उच्च ऊर्जा वाले खगोलीय पिंडों को समझने में भी उपयोगी साबित होगा। प्रो. पुनीत कुमार ने बताया कि सॉलिटन्स बेहद स्थिर होती हैं और एक निश्चित पैटर्न बनाती हैं, जिससे प्लाज्मा के व्यवहार को समझना आसान होता है। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय बल्कि देश के लिए भी गर्व का विषय है और भारत को वैश्विक वैज्ञानिक मंच पर नई पहचान दिलाने में सहायक होगी।

## HINDUSTAN

### मैनेजमेंट छात्रों के पास बैंकिंग में इंटर्नशिप का मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा क्षेत्र में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए इंस्पोर कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड से साझेदारी की है। जिसके तहत छात्रों को ह्यूमन रिसोर्स, फाइनेंस, टैक्सेशन, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट व सेल्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण मिलेगा। 45 से 60 दिन की इस इंटर्नशिप में कई चीजें शामिल होंगी।

### श्रेयांशी, इशेका और दिव्यांशी ने जीती प्रतियोगिताएं

**लखनऊ।** एलयू के वनस्पति विज्ञान विभाग में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कई प्रतियोगिताएं हुईं। विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी जैसे विषयों पर छात्रों ने विचार रखे। निबंध में 23 और वक्तृत्व में नौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हिंदी निबंध में श्रेयान्शी पांडेय, अंग्रेजी में इशेका सिंह और वक्तृत्व में दिव्यांशी द्विवेदी प्रथम रहीं।

### आंबेडकर ने समानता के लिए संघर्ष किया

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर सामाजिक न्याय का संघर्ष एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर विषयक व्याख्यान आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता एलयू के हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग की प्रो. रीता चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर समानता, स्वतंत्रता और न्याय की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया।

## I NEXT

### एलयू ने दिया इंटर्नशिप का मौका

लखनऊ यूनिवर्सिटी के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने स्टूडेंट्स के लिए बीएफएसआइ (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र में इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराते हुए इंस्पोर कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है. इंटर्नशिप के लिए बीबीए, बीकाम, एमबीए और पीजीडीएम के स्टूडेंट आवेदन कर सकते हैं.

**चार फील्ड में ट्रेनिंग**

प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि इस इंटर्नशिप के अंतर्गत स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में चार प्रमुख क्षेत्रों ह्यूमन रिसोर्स, फाइनेंस एवं टैक्सेशन, फाइनेंशियल सेक्टर तथा पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एवं सेल्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा. इसके माध्यम से अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया, आयकर संरचना, वित्तीय क्षेत्र की कार्यप्रणाली, बाजार विश्लेषण तथा सेल्स रणनीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा. यह इंटर्नशिप 45 से 60 दिनों की अवधि की होगी, जिसमें ओरिएंटेशन, मेंटरशिप, डोमेन-आधारित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास जैसे चरण शामिल होंगे.